# न्यायालय उपायुक्त, पाकुड़

आर०एम०पी० वाद संख्या–03/2009–10

16 आना रैयत मौजा–बरहाबाद
बनाम
दुलार किस्कू प्रधान।

| आदेश की क्रम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| 01.06.2012 | **आदेश**<br><br>यह वाद अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ के पत्र संख्या–467/रा० दिनांक 11.10.2007 के द्वारा अंचल पाकुड़ के मौजा बरहाबाद के नियुक्त प्रधान दुलार किस्कू को प्रधान पद से बर्खास्त हेतु प्राप्त प्रस्ताव के आलोक में प्रारंभ किया गया है।<br><br>विपक्षी ग्राम प्रधान को उनके विरूद्ध लगाये गये आरोप के संबंध में अपना पक्ष रखने के हेतु नोटिस निर्गत किया गया था। प्रोसेस पीउन के द्वारा नोटिस वापस करते हुए प्रतिवेदन दिया गया है कि विपक्षी दुलार किस्कू प्रधान बरहाबाद ग्राम में नहीं रहती है। 15–20 वर्ष से थाना–लिट्टीपाड़ा के ग्राम रांगा में अपने पिता के घर पर रहती है। नोटिस में नायकी, गोड़ाईत, परमानिक तथा 13 गवाहों का हस्ताक्षर लिया गया है। उक्त प्रतिवेदन के आलोक में विपक्षी प्रधान को उनके वर्त्तमान निवास स्थान सा०–रांगा, थाना–लिट्टीपाड़ा, जिला–पाकुड़ के पता पर नोटिस निर्गत किया गया तथा नोटिस उन्हें तामिला किया गया। विपक्षी द्वारा दिनांक 19.11.2009 को स्वयं उपस्थित होकर उपस्थिति दर्ज किया गया था। लेकिन उनके द्वारा उनके विरूद्ध लगाये गये आरोप का न तो जवाब दिया गया और न पुनः सुनवाई हेतु न्यायालय में उपस्थित हुए।<br><br>16 आना रैयतों का लिखित बहस, अंचल अधिकारी, पाकुड़ का प्रतिवेदन एवं अनुमंडल पदाधिकारी के प्रस्ताव के अवलोकन से विपक्षी दुलार किस्कू की नियुक्ति ग्राम प्रधान पद पर उनके पति छुतर मुर्मू के मृत्यूपरान्त हुई है। विपक्षी का कोई संतान नहीं है तथा वे थाना लिट्टीपाड़ा के रांगा गांव में अपने पिता के घर पर करीब 15 वर्षो से रह रही है। इनके द्वारा ग्राम प्रधान के दायित्वों एवं कर्त्तव्य का निर्वहन नहीं किया जाता है। | |

Scanned with CamScanner

| आदेश की कम संख्या और तारीख | आदेश और पदाधिकारी का हस्ताक्षर | आदेश पर की गई कार्रवाई के बारे में टिप्पणी, तारीख सहित |
|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 |
| | अतः अनुमंडल पदाधिकारी, पाकुड़ द्वारा विपक्षी ग्राम प्रधान को बर्खास्त हेतु प्राप्त प्रस्ताव को सम्पुष्ट किया जाता है तथा नये प्रधान की नियुक्ति हेतु विधिवत कार्रवाई का आदेश दिया जाता है।<br>लेखापित एवं संशोधित।<br>उपायुक्त, पाकुड़।<br>उ पा यु क्त, 1/6/12 पाकुड़। | |

Digitally signed by VARUN RANJAN
Date: 2023.01.09 17:22:11 +05:30
Location: 192.168.1.101

Scanned with CamScanner